**Patrika (Indore), 2nd April 2020, Page-3**

# आईआईटी स्टॉफ ने दिए 10 लाख रुपए

इंदौर @ पत्रिका. कोरोना के खिलाफ छिड़ी जंग में देशभर की संस्थाएं सहयोग दे रही हैं। इसी कड़ी में आईआईटी इंदौर ने भी पीएम केयर्स में 10 लाख रुपए दिए। यहां के शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने स्वेच्छा से एक दिन का वेतन देने की सहमति दी। प्रभारी डायरेक्टर प्रो. नीलेश कुमार जैन ने यहां पढ़ने वाले छात्रों, पूर्व छात्रों व संस्थान से जुड़ी सभी एजेंसियों से भी सहयोग की अपील की है। इनसे जुटाई राशि भी पीएम केयर्स में दी जाएगी।